हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 31 अगस्त 2025

04 नर्मदा में आयोजित की नौका प्रतियोगिता...



07 मौसमी बीमारियों से पीड़ित प्रतिदिन 800 से ...





## खबर संक्षेप

### निजी फीजियोथेरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

### पिछले साल से इस बार कम बारिश होने के कारण तालाबों के पेट खाली, अच्छी बारिश की अभी भी दरकार

# 66 में से 9 तालाब ही लबालब, 56 आधे खाली, रबी सीजन और गर्मी में गहरा सकता है पेयजल संकट

रबी फसल और पीने के पानी पर खतरा मंडरा रहा है। 17 से 21 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना, जिससे राहत की उम्मीद है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून की बेरुखी से हालात गंभीर हो गए हैं। 66 तालाबों में से केवल 9 ही पूरे भरे हैं, जबकि 56 तालाब आधे से भी कम भरे हैं। इनमें से 46 तालाब 25 प्रतिशत से भी कम पानी से भरे हैं और 5 तालाब पूरी तरह खाली हैं। शहर को पानी देने वाला जमोनिया तालाब इस बार केवल 21.4 फीट भरा है, जबकि पिछले साल यह 27.6 फीट तक भर चुका था। भगवानपुरा तालाब में 17 फीट पानी है, जो पिछले साल से 6.6 फीट कम है। काहिरी बांध भी अपनी 456.80 फीट की क्षमता तक नहीं पहुंच पाया।

#### गांवों में सूखे की मार

खाईखेड़ा, लोटिया, बोरदी टेंक, ढाबला माता, गुराड़ी, हरसपुरा, कोनाझिर, पांगरा, मैना, पंचापुरा, सेंवड़ा, सिद्दीकगंज और टिटोरिया जैसे गांवों में तालाब खाली या लगभग खाली हैं। इछावर के हिम्मतपुरा, मूंडला, शिकारपुरा, नीबूखेड़ा और आष्टा का झकारी टेंक पूरी तरह सूखे हैं।



**सीहोर।** शहर को पानी देने वाला जमोनिया तालाब इस बार केवल 21.4 फीट भरा है

#### औसत से कम बारिश

अब तक जिले में 698.2 मिमी दर्ज मिमी बारिश दर्ज हुई है, जो पिछले साल की तुलना में 88 मिमी कम है। पिछले साल इसी समय तक 786.8 मिमी बारिश हो चुकी थी। सीहोर में अब तक 692.5 मिमी, जबकि श्यामपुर में 664.9 मिमी वर्षा हुई। आष्टा में 502.0, जावर में 460.0, इछावर में 683.3, बुदनी में 1001.0 तथा रेहटी में 888.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। है। बारिश की कमी से कुओं, हैंडपंप और ट्यूबवेल का जलस्तर गिरने लगा है, जिससे रबी सीजन की सिंचाई और पीने के पानी दोनों में संकट गहराएगा।

**भोपाल का बड़ा तालाब भी खालीपन झेल रहा :** सीहोर में बारिश न होने से भोपाल का बड़ा तालाब भी प्रभावित हुआ है। इसकी जलभराव क्षमता 1666.80 फीट है, लेकिन फिलहाल इसमें केवल 1656.20 फीट पानी है, जिससे इसे पूरा भरने के लिए अभी 10.6 फीट पानी की जरूरत है। कोलांस नदी खाली होने से यहां पानी की आवक बंद है।

**आने वाले दिन में राहत की उम्मीद :** आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि 17 से 21 अगस्त तक लगातार बारिश होने की संभावना है, जिसमें कई स्थानों पर भारी वर्षा भी हो सकती है। मौसम में ठंडक और बादलों के बने रहने से लोगों में राहत की उम्मीद जगी है।

## संयम, तप और ज्ञान की प्राप्ति विनय से ही होती है : मुनिश्री अक्षय सागर

**सीहोर।** दशलक्षण धर्म के दूसरे अध्याय उत्तम मार्दव धर्म की पूजा और धार्मिक अनुष्ठान के साथ पयूर्षण महापर्व का आयोजन हुआ। महामंडल विधान की पूजा के बाद धर्मसभा में मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि दशलक्षण पर्व को पयूर्षण महापर्व भी कहा जाता है। यह आत्मा को पांच पाप और आठ कर्मों से शुद्ध करने वाला पर्व है।



प्राकृत भाषा में इसे पजुषण, पज्जुषण या पज्जोवसेणा कहा जाता है। मुनिश्री ने कहा कि संसार में रहने वाली आत्मा भी पयूर्षण महापर्व के पालन से कर्मों के प्रदूषण से मुक्त हो सकती है। दशलक्षण धर्म के पहले 'उत्तम' शब्द का प्रयोग इसलिए किया जाता है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इन धर्मों का पालन किसी लौकिक लाभ या ख्याति के लिए नहीं किया जाता। यह धर्म मृदुता यानी कोमलता का प्रतीक उत्तम मार्दव धर्म पर प्रकाश डालते हुए मुनिश्री ने कहा कि यह धर्म मृदुता यानी कोमलता का प्रतीक है। मान कषाय के कारण व्यक्ति में अभिमान आता है। वह खुद को बड़ा समझता है और दूसरों को तुच्छ मानता है। बड़प्पन दिखाने के लिए कपट करता है। जब उसका मान भंग होता है तो वह क्रोधित हो जाता है। ऐसे अभिमानी व्यक्ति से धर्म नहीं होता। मुनिश्री ने कहा कि उत्तम कुल, जाति, रूप, तप और ऐश्वर्य होने के बाद भी यदि व्यक्ति में गर्व न हो, तो वही मार्दव धर्म कहलाता है। विनय को मोक्ष का द्वार बताया। संयम, तप और ज्ञान की प्राप्ति भी विनय से ही होती है। प्रवचन के बाद आहार चर्या विधि विधान से श्रावक-श्राविकाओं ने धर्म लाभ अर्जित किया।

### भव्य रूप से किया जाएगा हनुमान मंदिर का निर्माण

**सीहोर।** शहर के बस स्टैंड पर भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। यहां पर बाहर के कलाकारों के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे की प्रेरणा और मार्गदर्शन एवं समिति अध्यक्ष समाजसेवी रुद्र कुमार राठौर सहित समस्त नगरवासियों के सहयोग से बस स्टैंड पर सिद्ध हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है। जीर्णोद्धार के बाद भव्य स्वरूप लिए इस मंदिर की आवश्यकता अनुरूप अध्यक्ष एवं समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पंडित श्री कटारे बाबा के मार्गदर्शन में उनके साथ महेश मीणा, दुर्गेश तिवारी और गुड्डु विश्वकर्मा ने चीचली जिला नरसिंहपुर से मंदिर के लिए आवश्यक सामग्री,दो विशालकाय घंटे जिनका वजन 240 किलोग्राम है के साथ एक गदा, कलश, शंख सहित अन्य सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे। मंदिर पर अध्यक्ष सहित उपस्थित समिति के सदस्यों एवं पुजारी एवं भक्तजनों ने सभी का स्वागत किया और अगली कार्ययोजना पर चर्चा की।



## अहंकार रहित जीवन जीने की कला सिखाती है भागवत कथा:पंडित प्रदीप मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सत्य का अनुसरण करना, सत्संग में जाना और भगवान की भक्ति करना हर किसी के वश की बात नहीं है। श्रीमद्भागवत कथा सुनने का व्यक्ति जब संकल्प करता है, उसी समय परमात्मा उसके हृदय में आकर निवास कर लेते हैं। भगवान की कथा ऐसी है कि इसका ज्यों-ज्यों पान करते हैं, त्यों-त्यों इच्छा बढ़ती जाती है। कथा रस कभी घटता नहीं निरंतर बढ़ता रहता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम भटौनी कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय भागवत कथा के छठवें दिवस पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। इस मौके पर पंडित श्री मिश्रा ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर समस्त ग्रामवासियों ने पंडित श्री मिश्रा का स्वागत किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम भटौनी के सरपंच प्रतिनिधि धर्म सिंह मेवाड़ा ने बताया कि ग्राम में सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर शनिवार को पंडित मिश्रा कथा में पहुंचे और उन्होंने क्षेत्रवासियों को पुनित कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि रविवार को कथा के समापन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा का श्रवण कथा वाचक पंडित श्याम व्यास के द्वारा की जा रही है।

कथा के दौरान पंडित व्यास ने छठवें दिवस भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। इस मौके पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुकमणी आदि का वर्णन किया।

उन्होंने कहाकि कथा का श्रवण करने से नित्य नए आनंद की अभिवृद्धि होती रहती है। श्रीमद्भागवत आध्यात्म दीपक है, जिस प्रकार एक जलते हुए दीपक से हजारों दीपक प्रज्वलित हो उठते हैं, उसी प्रकार भागवत के ज्ञान से हजारों, लाखों मनुष्यों के भीतर का अंधकार नष्ट होकर ज्ञान का दीपक जगमगा उठता है। भगवान का आश्रय ही सच्चा आश्रय है।

## सस्ती साइकिल खरीदने उमड़ी भीड़, लुट गई कई साइकिल

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ अल्हादाखेड़ी के स्टेडियम में एक एनजीओ द्वारा शनिवार की सुबह सस्ती साइकिल बेचे जाने की खबर शहर में फैलते ही वहां पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान अफरातफरी का यह आलम रहा कि कई लोग साइकिल उठाकर ही चलते बने। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस साइकिल की ब्रिकी रुकवाते हुए संबंधितों को थाने लेकर आई जहां उनसे आवेदन लेकर साइकिल ले जाने वालों की तलाश की जा रही है। शनिवार की सुबह अल्हादाखेड़ी के स्टेडियम में बड़ी संख्या में साइकिलों का ढेर लगा हुआ था।



उक्त साइकिल लेकर आए लोगों द्वारा महज ढाई हजार रुपए में साइकिल बेचे जाने की खबर शहर में आग की तरह फैल गई। कुछ ही देर में वहां साइकिल खरीदने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है कि उत्तरप्रदेश की किसी एनजीओ के सदस्यों द्वारा उक्त साइकिल बेची जा रही थीं। इसके लिए उनके द्वारा 100 रुपए लेकर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा था और उन्हें ढाई हजार रुपए में साइकिल बेची जा रही थी। इस दौरान उनके द्वारा संबंधित खरीदार का आधार नंबर लेकर एक फार्म भी भरवाया जा रहा था। बताया जाता है कि कुछ ही देर में वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा- तफरी का माहौल निर्मित हो गया। इस बीच कई लोग बिना रुपए दिए साईकल लेकर चलते बने। तब तक कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी और साइकिल बेचने वालों को पूछताछ करने थाने लेकर आई। मामले में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव का कहना है कि उक्त लोग उत्तरप्रदेश की एक एनजीओ का फार्म भरने के बाद लोगों को साइकिल बेच रहे थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि इस दौरान अफवाह फैल गई कि साइकिल मुफ्त में वितरित की जा रही हैं। जिसके चलते कई लोग बिना रुपए दिए साइकिल लेकर चलते बने। थाना प्रभारी यादव का कहना है कि आवेदन लिया गया है और साइकिल ले जाने वालों की तलाश करने वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### कन्या महाविद्यालय में खेल दिवस के अवसर पर आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर खेल दिवस मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मेजर ध्यानचंद की छायाचित्र पर प्राचार्य कालिका डोलस वह खेल अधिकारी रवि बिरहा द्वारा माल्यार्पण किया गया खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने मेजर ध्यानचंद के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि क्यों उन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है। इसी क्रम में इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक रिछारिया सर ने अपने अनुभव साझा किया। तत्पश्चात खेलों का प्रारंभ किया गया जिसमें छात्रों के लिए मनोरंजन खेल में खेल बिगाड़े प्रतियोगिता हुई जिसमें पांच-पांच सदस्यों की पांच टीमों ने भाग लिया जिसमें नैंसी और साथियों को प्रथम स्थान वंदना और साथियों को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ कप कलेक्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। वह छात्राओं की बैडमिंटन सिंगल्स का प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान पर हर्षिता व उपयोगिता आशी रही।



### सत्यसांई यूनिर्वसिटी के कुलगुरु बोले सुगम हुए रोजगार के अवसर

# दूसरे दिन 37 को मिला रोजगार और फिर हुआ रोजगार मेले का सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश की प्रगति एवं औद्योगिक उन्नति में सदैव तत्पर रहने वाली अग्रणी संस्था श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्याल सीहोर के प्रांगण में निर्माण उद्योग विकास परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियर्या जैसे टाटा प्रोजेक्ट, हाक्सवेल, कल्पतरू, ए.डी.सी. स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, शिव शक्ति प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि ने युवा बेरोजगारों को उनकी गुणवत्ता के आधार रोजगार और कोशल के समान अवसर देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। रोजगार मेले के दूसरे दिन कंपनी के सभी ऑफिशल्स ने चयनित युवाओं को कंपनी की पॉलिसी और नॉर्म्स के बारे में बताया और कंपनी का प्रेजेंटेशन रखा। सीआईडीसी के डायरेक्टर जनरल डॉ प्रिय रंजन स्वरूप ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। संस्था के कुलगुरु प्रोफेसर मुकेश तिवारी ने बताया कि रोजगार मेले के इस आयोजन से छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार के अवसर सुगम हुए उन्होंने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।



अगले वर्ष भी रोजगार मेले के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान करने की बात कहीं। इस समय कार्यक्रम में संस्था के कुल सचिव डॉ हेमंत शर्मा एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर , सभी डीन एवं प्राचार्य , और शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार और सफल संचालन अंकित जोशी ने किया।

# पेट्रोल पंप पर अनियमितताएं पाए जाने पर 5,944 लीटर डीजल जब्त

### अधिकारियों द्वारा किया गया पेट्रोल पंप का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा सीहोर के लुनिया चौराहा स्थित वर्मा फ्यूलस एंड सर्विस पेट्रोल पंप का निरीक्षण कर जांच की गई।

जांच के दौरान अंडरग्राउंड डीज़ल के टैंक मे भण्डारित 5,944 लीटर डीजल मे 10.5 सेमी पानी की मात्रा पायी गई और 04 प्रतिशत से अधिक अंतर तक की अनियमितता पाई गई। इसके साथ ही ऑनलाइन स्टॉक से डीजल के स्टॉक मे अंतर पाया गया। पेट्रोल पंप पर मुफ्त हवा, शौचालय, पेयजल, अग्नि शमन यन्त्र की वैधता भी समाप्त पाई गई। अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पंप पर अनियमितताएं पाए जाने पर डीज़ल की मशीन को सील कर दिया गया है और पेट्रोल पंप से 5,45,081 रूपये मूल्य का 5,944 लीटर डीजल जब्त कर लिया गया है। यह कार्रवाई जिला अपूर्ती अधिकारी, नापतौल निरीक्षक एवं कनिष्ठ अपूर्ती अधिकारी द्वारा की गई।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**सीहोर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित होंगे फिट इंडिया शपथ कार्यक्रम के साथ ही अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के तत्वावधान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस मौके पर शानदार प्रतियोगिता में संकल्प टीम ने श्रद्धा भक्ति समिति को 2-0 से हराया। प्रतियोगिता में अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, युवा और नागरिक शामिल थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत आगामी 31 अगस्त तक केन्द्र अनेक खेल गतिविधियां होंगी आयोजित की जा रही है। वहीं शुक्रवार की सुबह दिवस पर मेजर ध्यानचंद्र की फोटो पर माल्यार्पण एवं फिट इंडिया शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके पश्चात प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शनिवार को चेयररेस आदि का आयोजन किया जाएगा। उपसंचालक सामाजिक न्याय महेश कुमार यादव, सावन गांगले, कृपाल सिंह चौधरी, नटवर कुशवाहा, आकाश राय, चिराग पटेल, धर्मेंद्र शर्मा, आनंद व्यास, उपेंद्र सेंगर, सुनील पाराशर, बाबू सिंह संधू, पवन चौहान, अजय मीणा, धीरज वाधवानी, रितेश महेश्वरी, बीपी शर्मा आदि शामिल थे।

### ग्राम बेरखेड़ी में फील्ड मीटिंग का आयोजन




**सीहोर।** नवकिसान समिति द्वारा अयोजित फील्ड मीटिंग का आयोजन किया गया। जीसमे की किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक किया गया। नवकिसान कंपनी के जैविक उत्पादों का उपयोग करके हम किसानों की आमदनी को हम पहले से कई गुना अधिक उत्पादन ले सकते हैं। जैविक उत्पादों में कंपनी के उत्पाद जैसे, खास, विजेता, धनराज आदि उत्पादों के बारे में किसानों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मौजूद कंपनी के कर्मचारी बाली धाकड़ द्वारा उपस्थित गांव के सरपंच शिवराम साहू सहित किसानगण उपस्थित रहे।

### खेत पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

**सीहोर।** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है।

### नौका सवार प्रतिभागियों का ग्रामीणों ने किया उत्साहवर्धन

# नर्मदा में आयोजित की नौका प्रतियोगिता तीन विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव तहत भैरूंदा के नीलकंठ नर्मदा घाट पर नौका प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



तीन दिवसीय राष्टीय खेल दिवस प्रतियोगिता के तहत दूसरे दिन शनिवार को सुबह नीलकंठ नर्मदा घाट पर नौका प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें 6 नौकाएं लेकर प्रतिभागीयो ने भाग लिया। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप गौर, बीआरसी विजय पवार, आदिमजाति कल्याण विभाग अर्जुन सिंह सोलंकी, ग्राम पंचायत नीलकंठ के सरपंच संतोष वर्मा, सचिव रामकृष्ण पंवार एवं पटवारी जयपाल सिंह से सभी प्रतिभागियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें जीत की अग्रिम बधाई दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणवासी नर्मदा घाट पर पहुंचे। ओर नौका प्रतिभागियों का तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह वर्धन कर जीत की बधाई दी। उपस्थित अधिकारियों ,जनप्रतिनिधियों के साथ तहसीलदार संदीप गौर ने नौका प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामीणों में भी काफ़ी उत्साह दिखाई दिया। नाकों पर सावर प्रतिभागियों का तालियां बजाया हौसला अफजाही किया।

#### 6 नौकाओं के बीच हुई रेस, प्रतिभागियों ने दिखाया अपना हुनर

इस प्रतियोगिता में शामिल 6 नाकों प्रतिभागियों ने अपना हुनर को दिखाते हुए इस प्रतियोगिता को जीतने में कड़ी मेहनत और मशक्कत दिखते हुए तीन प्रतिभागियों ने पहले, दूसरे, तीसरे स्थान प्राप्त किया गया। इन सभी प्रतिभागियों को तहसीलदार संदीप गौर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर पुनः फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं मौजूद अधिकारी जनप्रतिनिधियो ने भी सभी का हौंसला बढ़ाया। भैरुंदा तहसीलदार संदीप गौर ने बताया कि मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर आयोजित राष्टीय खेल दिवस तीन दिवसीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। ओर अनेकों प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसी को लेकर दूसरे दिन ग्राम नीलकंठ की नर्मदा नदी में नौका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




जिसमें कुल 6 प्रतिभागियों ने नौका प्रतियोगिता में शामिल होकर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने कड़ी मेहनत और मशक्कत से अपना हुनर दिखाते हुए, तीन प्रतिभागियों ने पहले दूसरे तीसरे स्थान प्राप्त कर जीत हासिल की। सभी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय खेल का दिवस का मुख्य उद्देश्य देश भर में खेल प्रतिभाओं की पहचान करना, उन्हें प्रोत्साहित करना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार करना है। इसके साथ ही, यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, युवा खिलाड़ियों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान करना, तथा खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

## नगर में विराजे गजानन...



**सीहोर।** गाड़ी अड्डा रोड पर बहावलपुर गणेश उत्सव समिति 40 वर्षों से विराजमान कर रही गणेश प्रतिमा। समिति अध्यक्ष ऋतिक अरोरा।



**सीहोर।** कोतवाली चौराहा पर किंग ऑफ कोतवाली गणेश उत्सव समिति 10 वर्षों से विराजमान कर रहे गणेश प्रतिमा। नितेंद्र ठाकुर समिति अध्यक्ष



**सीहोर।** श्री सिद्धपुर गणेश उत्सव समिति 3 वर्षों से विराजमान सूर्यांश प्रताप जादौन समिति अध्यक्ष



**सीहोर।** खजांची लाइन पर यंग स्टार क्लब छावनी द्वारा 45 वर्षों से विराजमान गणेश प्रतिमा। अध्यक्ष केशव भावसार।

## राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन, एससीसी कैडेटों ने फिटनेस का किया प्रदर्शन



**सीहोर।** हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, सीहोर ने बड़े उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्राचार्य सुनीता जैन और विधायक प्रतिनिधि श्री गोपाल सोनी ने मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। तत्पश्चात एनसीसी कैडेटों के बीच कुर्सी दौड और 100 मी. दौड का आयोजन किया जाकर विजेताओं को शील्ड एवं पुष्प गुच्छ प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्रीमती जैन ने खेलों तथा एन सी सी गतिविधियों में अनुशासन, एकता और टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया , जो एनसीसी प्रशिक्षण के मूल सिद्धांतों को दर्शाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनी ने खेलों के साथ ही, फिटनेस और स्वस्थ जीवन के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता बताई। इस आयोजन के महत्व को और बढ़ाते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में सहभागिता करने वाले विद्यालय के पूर्व कैडेट्स को आमंत्रित कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर 4 म. प्र. बटालियन एन सी सी भोपाल के ऑफिसर रामनिवास चाहर, संस्था के एनसीसी अधिकारी सविता ठाकुर एवं7 दिनेश मेवाड़ा ने कैडेट्स को खेलों को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने और एनसीसी प्रशिक्षण में खेलों समायोजन के लिए प्रेरित किया। सभी एनसीसी कैडेटों ने फिटनेस और अनुशासन के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन करते हुए, अपार उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। सभी उपस्थित विद्यालय स्टाफ ने एनसीसी इकाई को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। पूरा कार्यक्रम संस्था की खेल प्रशिक्षक डॉली गुप्ता और अर्चना सिलोदिया के मार्गदर्शन में सुचारू और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ, जिसने सामूहिक एकता, अनुशासन और भारतीय खेलों के चिरस्थायी गौरव का संदेश दिया।

### नवनियुक्त अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी के नेतृत्व में समाजजनों ने किया अधिकारियों का सम्मान



**भैरुंदा।** शुक्रवार को क्षत्रिय राजपूत समाज भैरुंदा के नवनियुक्त अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी के नेतृत्व में समाजजन एसडीएम कार्यालय पहुँचे।

इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने एसडीएम सुधीर कुशवाह, प्रभारी तहसीलदार संदीप गौर, नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा एवं अनीश कुरैशी का पुष्पमालाओं से स्वागत कर मुलाकात की। गौरतलब है कि हाल ही में आयोजित समाज की बड़ी बैठक में शंकर सिंह सोलंकी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ताजपोशी के दौरान ही उन्होंने समाज के नाम 25 लाख रुपए कीमत की भूमि दान करने की घोषणा की थी। साथ ही भवन निर्माण हेतु समाजजनों द्वारा 23 लाख रुपए की राशि जुटाई गई। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष सहित समाजजनों ने प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यों की सराहना की। वहीं अधिकारियों ने भी समाज की इस पहल को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयास सामाजिक एकता और विकास को नई दिशा देते हैं। इस दौरान शिवराज दरबार, महेंद्र सिँह परिहार, अर्जुन सिँह सोलंकी, मोरसिंह राजपूत, अभिषेक चौहान, वीरसिंह राजपूत, शंकर सिँह राजपूत, कमलसिंह राजपूत तिलाड़या, भवर सिँह राजपूत, ब्रजराज सिँह चौहान, कुबेर सिँह राजपूत, वीरेंद्र सिँह राजपूत, शरवन सिँह राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कृषि संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**बुधनी।** शनिवार को स्थानीय सामुदायिक भवन में उन्नत कृषि संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे विधायक रमाकांत भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम में बुधनी सहित आसपास के क्षेत्र से आए किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बेब कास्ट के माध्यम से किया गया। केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को संसदीय क्षेत्र विदिशा के प्रवास पर थे इस दौरान वे विदिशा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा में आयोजित उन्नत कृषि तकनीक संगोष्ठी में कार्यक्रम का लाइव संबोधन का सीधा प्रसारण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को संबोधित किया। नगर में में (इफको) द्वारा एक 'उन्नत कृषि तकनीक संगोष्ठी' का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग करने,श्रीअन्न (मोटा अनाज) जैसी नई फसलों के उत्पादन और उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम दिनेश सिंह तोमर,तहसीलदार ललित सोनी, एसडीओपी रवि शर्मा, जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा,सलकनपुर देवी ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय,अर्जुन मालवीय,भाजपा नेता आजाद सिंह राजपूत, सतीश गुप्ता,लेखराम यादव,किशन मालवीय,विनोद शिवहरे कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और किसान शामिल हुए।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार: पुलिस ने रखा था 2000 रुपए का इनाम



**सीहोर।** जिले की पुलिस ने दुष्कर्म के एक फरार आरोपी रामविलास ककोडिया (38) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 2000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। वह घटना के दिन से फरार चल रहा था।

**मुखबिर ने दी सूचना :** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और एएसपी सुनीता रावत के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना रेहटी के प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे की टीम ने मुखबिर और साइबर सेल की मदद से आरोपी को चकल्दी गांव से पकड़ा। थाना रेहटी में आरोपी के खिलाफ धारा 64, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश कहारे, उप निरीक्षक महेश सिंह धुर्वे, दीपक सर्राटी, सुशील पांडेय, एएसआई सुमेर सिंह उइके, आरक्षक विजय मुकाती, विकास नागर और साइबर सेल प्रभारी सुशील की अहम भूमिका रही।

### एक को किया जिला बदर

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सोनिया मीना ने एक प्रकरण में अपराधी पिपरिया के ग्राम सांडिया निवासी नितेश उर्फ नित्तू पिता भगवत सिंह राजपूत उम्र 26 वर्ष को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किये जाने के आदेश पारित किये है।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विकृता धमेन्द्रसिंह पिता आजादसिह अरिता सरिता पुत्रीगण आजादसिह एवं मेहरवानसिह पिता नरबतसिह एवं कमलसिह पिता नरबतसिह एंव गगनसिह पिता नरबतसिह जाति सैन्धव निवासी ग्राम मेहतवाडा तहसील जावर जिला सीहोर म०प्र० से भूमि खसरा नम्बर 1120/2-1121/2 रकबा 0.259 हे० मे से उनके हिस्से अनुसार रकबा 0.37 डेसिमल स्थित ग्राम मेहतवाडा तहसील जावर जिला सीहोर म०प्र० की क्रय करने का सौदा किया गया है। उक्त क्रय की गई भूमि का रजिस्ट्र्ड विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा सम्पादित करवाया जावेगा इस संबंध मे किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय, संस्था शासकीय, अशासकीय अथवा अर्धशासकीय, कार्यालय निकाय, इत्यादि को कोई आपत्ति हो या कोई हित अथवा अधिकार हो तो वे व्यक्ति संस्थाए इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय संपुष्ट साक्ष्य अथवा दस्तावेज मेरे कार्यालय मे कार्यालय समय 11 बजे से 5 बजे तक मे लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे उपरोक्त समयावधि के अवसान के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त सम्पत्ति का अनुबंधपत्र एंव रजिस्ट्र्ड विक्रय पत्र सम्पादित करवाने हेतु स्वतन्त्र रहेगा। बाद में किसी व्यक्ति संस्थाऐ ऐसी कोई आपत्ति करते है। तो वह मान्य ना होकर प्रभाव शून्य मानी जावेगी एंव मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सर्वसाधारण को सूचित होवे।

भवदीय, कुलदीप सिंह ठाकुर (अधिवक्ता), ठाकुर लॉ चैंबर माहूर कॉलोनी अलीपुर आष्टा जिला सीहोर मो. 9827669524

### फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शासकीय महाविद्यालय में हुई प्रतियोगिताएं

# कबड्डी में खिलाड़ियों ने दिखाया जोश, खेल के माध्यम से शरीर को फिट रखने का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में मनाई गई। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत भैरूंदा के शासकीय महाविद्यालय खेल के मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जिसमें स्कूली बच्चों ने भाग लिया और कबड्डी, खो-खो, दौड़ रस्सा कसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वहीं दूसरे दिन भी अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए और बच्चों ने खेल के माध्यम से शरीर को फिट रखने का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर शासकीय, अशासकीय स्कूली बच्चों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें कई टीम ने भाग लिया और अपना प्रदर्शन दिखाया। इस मौके पर तहसीलदार संदीप गौर ने बालक , बालिका की टीम से खेल ग्राउंड पर परिचय किया। सभी को खेल माध्यम से शरीर फिट रखने व स्वस्थ रहने की बात कही।



इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता देख टीमों का हौसला अफजाही करते हुए उनके खेल की सराहना भी की। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप गौर, बीआरसी विजय पवार, आदिमजाति कल्याण विभाग अर्जुन सिंह सोलंकी खेल शिक्षक सचिन त्रवेदी, सहित खेल शिक्षक, खिलाड़ी, बच्चे, शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित रहे।

### गणपति बप्पा की विदाई: रेत कंपनी के कर्मचारियों ने भक्ति और भाव से किया बप्पा का विसर्जन



**भैरूंदा।** शनिवार को शुभ मुहूर्त में रेत कंपनी यूफोरिया एंड पॉवरमैक ने भगवान श्रीगणेश जी का तीन दिवसीय उत्सव मनाया कर विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या लोगों ने ढोल ताशों के साथ भगवान की प्रतिमा लेकर नर्मदा घाट पर पहुंचे। जहां पर आरती कर भगवान को नम आंखों से विदाई दी।

भैरूंदा नगर में स्थित पटेल कॉलोनी रेत कंपनी यूफोरिया एंड पॉवरमैक के कार्यालय में तीन दिवसीय गणेश उत्सव हर्षोल्लास धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को शुभ मुहूर्त में नगर में भव्य विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। और डोल, नगाड़े की थाप पर झूमते नाचते हुए नजर आए। भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा जुलूस के साथ नर्मदा घाट पर पहुंचे। भगवान श्रीगणेश जी की प्रतिमा की भव्य आरती की प्रसादी वितरण किया गया। वहीं नम आंखों से भगवान श्रीगणेश जी को बिदाई दी।

## मौसम और पानी के बदलाव के चलते सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, बुखार के मरीज

# मौसमी बीमारियों से पीड़ित प्रतिदिन 800 से अधिक पहुंच रहे जिला अस्पताल की ओपीडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मौसम में अमूमन रोजाना हो रहे बदलाव के चलते जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की संख्या में प्रतिदिन ईजाफा होता जा रहा है। बीते एक हफ्ते की बात करें तो मौसमी सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित करीब 800 से अधिक नए मरीज जिला अस्पताल में ईलाज करने पहुंच रहे हैं। सामान्य मौसम में यह संख्या 500 से 600 के आसपास हुआ करती है। अस्पताल प्रबंधन के रिकार्ड के अनुसार उल्टी, दस्त, खांसी और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। दरअसल, बारिश के मौसम एवं पानी में विभिन्न तरह के बदलावों के चलते मरीजों की संख्या में रोजाना ईजाफा हो रहा है। बदलते मौसम में कमजोर इम्यूनिटी के कारण बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। दिन में तेज धूप, उमस और रात्रि में चलने वाली ठंडी हवाएं लोगों को बीमार कर रही हैं। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को उपचार के साथ-साथ बीमारियों से बचाव के तरीके भी बताए जा रहे हैं। जिले भर में बीते एक हफ्ते से मौसम लगातार करवट बदल रहा है। कभी अचानक आसमान में बादल छाकर बरस रहे हैं तो कभी अचानक तेज धूप के साथ हो रही हल्की बारिश से पैदा उमस ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है।

### लैब में मरीजों की लंबी कतारें

बदलते मौसम के चलते लोग संक्रामक बीमारियों की चपेट में ज्यादा आ रहे हैं। शुक्रवार को भी जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी कतार लगी नजर आई। वहीं रक्तजांच केंद्र(लेबोरेट्री) में भी मरीजों की संख्या बड़ी है। चिकित्सक जांच के उपरान्त बीमारी की पहचान होने पर ही संबंधित मरीजों को जरूरी दवाईयां लिख रहे हैं। गंभीर मरीजों को तुरंत अस्पताल में भर्ती भी किया जा रहा है।

### बदला मौसम और पानी है बीमारी की वजह

चिकित्सकों के अनुसार मौसम में बार-बार बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, गले में दर्द सहित अन्य तरह की समस्याएं बढ़ती हैं। इसके साथ ही सीआरपी लेवल भी बढ़ जाया करता है। जांच में अधिकांश मरीजों का सीआरपी लेवल बढ़कर ही आ रहा है जिसे कम करने चिकित्सक आवश्यक दवाईयां, इंजेक्शन, बॉटल इत्यादि से मरीजों का ईलाज कर रहे हैं।

### ऐसे रखें अपना ध्यान

- *मौसमी फल, हरी सब्जियां और हल्का भोजन करें ताकि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े।*
- *अत्यधिक ठंडा पानी, आईसक्रीम या कोल्ड्रिक से बचें।*
- *पानी को ढककर रखें और दिन में 3 से 4 ली. पानी पिएं।*
- *गंदा पानी एकत्रित न होने दें ताकि मच्छर न पनपें।*

### इनका कहना है


मौसम और पानी के बदलाव के कारण मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे मौसम में जरूरी सावधानियां रखने की आवश्यकता है। पानी छानकर व उबालकर पीने से अधिकांश बीमारियों से बचा जा सकता है। बाहर के खाने से परहेज करें। हरी सब्जियों, दाल, फल का सेवन ऐसे मौसम में लाभकारी रहता है।

- डॉ. सुधीर कलावत, एमडी मेडीसिन, जिला अस्पताल राजगढ़

## समूचे अंचल में पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हैं कई विद्यार्थी

# मुख्यालय पर हायर सेकंडरी स्कूल की मांग, शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**राजगढ़।** जिला मुख्यालय पर सामान्य हायर सेकन्ड्री स्कूल नहीं होने के चलते अनेकों विद्यार्थियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई विद्यार्थी नियमित प्रवेश नहीं हो पाने के चलते प्रायवेट रूप से परीक्षा फार्म भरने की तैयारियों में लगे हैं।



साकेत शर्मा
अध्यक्ष
जिला बाल कल्याण समिति
जिला राजगढ़(म.प्र.)

ऐसे में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप को पत्र लिखकर राजगढ़ में नवीन सामान्य हायर सेकन्ड्री स्कूल खोलने की मांग रखी है। उल्लेखनीय है जिला मुख्यालय पर तीन पुराने हायर सेकन्ड्री स्कूल अपग्रेड होकर उत्कृष्ट स्कूल, सीएम राईज स्कूल(सांदीपनी) एवं पीएमश्री कन्या विद्यालय बनाए जा चुके हैं।

इन तीनों स्कूलों में प्रवेश के लिए बच्चों को प्रवेश परीक्षा में निर्धारित कटऑफ अंक लाना अनिवार्य है। जो बच्चे निर्धारित अंक नहीं ला पाते हैं उनके लिए कक्षा आठवीं उपरान्त नवमीं में प्रवेश हेतु विकल्प नहीं बच पा रहा है और मजबूरने उन्हें निजी विद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ रहा है।

### स्कूल न होने से पढ़ाई भी छोड़ रहे बच्चे

सामान्य हायर सेकन्ड्री स्कूल न होने के कारण जो बच्चे आर्थिक मजबूरी के कारण निजी स्कूलों में प्रवेश नहीं ले पा रहे वे मजबूरन पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हैं। इस तरह की विषम परिस्थिति को लेकर बाल कल्याण समिति ने आगे आते हुए समस्या के समाधान के लिए दोनों मंत्रियों को उक्त पत्र लिखा है।



## विधायक दांगी ने मुख्यमंत्री यादव को मांग पत्र सौंपकर फोरलेन सड़क निर्माण की रखी मांग

**खिलचीपुर।** खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने फोरलेन सड़क निर्माण की मांग को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग से मुलाकात कर उनको मांग पत्र सौंपा। विधायक दांगी ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपते हुवे बताया कि ब्यावरा से राजगढ़, खिलचीपुर, जीरापुर, माचलपुर, गोघटपुर होते हुवे तीन धार राजस्थान तक फोरलेन सड़क निर्माण की मांग करते हुवे बताया कि इसके निर्माण से विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस मार्ग का सर्वे कराकर डीपीआर तैयार कराने एवं वरिष्ठ स्तर पर समन्वय कर उक्त फोरलेन सड़क मार्ग को स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया।

# स्थानांतरित सूबेदार योगेंद्र मारावी को दी भावभीनी विदाई

## लगातार 9 वर्षों से तक जिले में रहे पदस्थ



**राजगढ़।** जिले में साल 2017 से पुलिस विभाग की विभिन्न ईकाईयों में पदस्थ रहते हुए अपनी बेहतर कार्यशैली से अलग मुकाम बनाने वाले सूबेदार योगेंद्र मारावी का हालिया बालाघाट जिले में स्थानांतरण हुआ है। उनके स्थानांतरण पर पुलिस विभाग द्वारा गुरुवार शाम उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने कहा कि सूबेदार योगेंद्र मारावी कर्तव्यनिष्ठ और सौंपे गए उत्तरदायित्वों को निभाने में हमेंशा अग्रसर रहते हैं। उन्होंने हमेंशा अपने विभाग और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, रक्षित केंद्र निरीक्षक दीपक रघुवंशी, कालीपीठ टीआई जीतेंद्र अजनारे, यातायात टीआई देवनारायण पांडे, तोरण सिंह, सादाब खान, सतीश यादव सहित विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान सूबेदार श्री मारावी ने कहा कि जिले में बिताया गया समय और विभाग व आमजनता से मिला सहयोग उनके लिए हमेंशा अविस्मरणीय बना रहेगा।




## बिजली गिरने से मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हुईं

**जीरापुर।** नगर के सुसनेर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग पर टपरियाहेडी जोड़ भाटी गोदाम के समीप स्थित रमेश चैहान के मकान के सामने बिजली गिरने से चार मोटर साइकिले क्षतिग्रस्त हुई। जानकारी के मुताबिक उभापान शासकीय स्कूल से बद्रीलाल मालवीय जीरापुर आ रहें थे एवं उनके साथी शिक्षक भेरूलाल वर्मा तथा ईश्वर मालवीय नामक युवक भी आ रहें थे, अकस्मात तेज बारिश एवं बिजली की गरज गर्जना शुरू हुई ऐसे में वह दोनों तथा राहगीर जो सड़क मार्ग से गुजर रहे थे, यह लोग मध्य रास्ते में रमेश चैहान के मकान में जाकर खड़े हो गए। तेज बारिश और बिजली की कड़क गर्जना के कारण उन्होंने रोड के समीप ही अपनी मोटरसाइकिलें खड़ी कर दी। इस दौरान बिजली गिरने से मोटर साइकिले क्षतिग्रस्त हो गई। भगवान की कृपा से किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जो राहगीर वहां रूकें थे उनमें से ताकला गांव निवासी किसी व्यक्ति को चक्कर आ गये थे लेकिन तत्काल सामान्य स्थिति में आ गये।

# एक पेड़ मां के नाम: बड़ोदिया जागीर में राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बड़ोदिया जागीर स्थित मां विंध्यवासिनी माता मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कर मां विंध्यवासिनी के चरणों में मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

मंत्री पंवार ने कहा - "प्रधानमंत्री के आह्वान से शुरू किया गया यह अभियान आज जन-आंदोलन बनाया गया है। मां हमें जीवन देती हैं, उसी प्रकार वृक्ष भी जीवन का आधार हैं। जब हम 'एक पेड़ मां के नाम' लगाते हैं तो यह केवल पर्यावरण ही नहीं बचाता, बल्कि हमारे जीवन और संस्कृति की रक्षा भी करता है। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह सबसे बड़ी पूंजी है।" उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन की आवश्यकताओं का आधार हैं दृ यह हमें ऑक्सीजन, फल, छाया, जल संरक्षण और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। आपने देखा होगा कि हमारे जिले में जिस जगह पर पेड़ो का घनत्व ज्यादा है वहां पर अच्छी वर्षा हुई है, आप सभी से कहना चाहता हूं कि आप



लोग अपनी माता के नाम पर एक पौधा अवश्य रोपे और उसकी देखभाल अपने परिवार के सदस्य की तरह करे। मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मंत्री पंवार ने उपस्थित लोगों को वृक्षारोपण करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान स्थानीय मंदिर समिति एवं ग्रामीणजनों ने मंत्री का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके संदेश को सार्थक करने का भरोसा जताया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह गुर्जर ,महामंत्री रामेश्वर दांगी, महेश वर्मा जनपद सदस्य उमराव सिंह लववंशी , सरपंच जयराम कुशवाह, रवि यादव, बब्लू लववंशी,अशोक जाट,देवीसिंह यादव ,लक्ष्मीनारायण कुशवाह,दिनेश शिवहरे,मोहन कुशवाह, जगदीश यादव,राजकुमार बना,लालाराम कुशवाह ,ओम मीणा ,काशीराम पटेल,भारत यादव, कैलाश कुशवाह ,चेतन शर्मा, धर्मेंद्र गोस्वामी,मेवाराम पुष्पद, चंचल शर्मा सहित ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में खेल दिवस आयोजित

**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। यह दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोईया द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं तथा हमारे जीवन में अनुशासन और टीम भावना का संचार करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को खेलों से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ।



इसके बाद रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल अधिकारी हरिशंकर शर्मा ने खिलाड़ियों को खेल के नियमों की जानकारी दी और बताया कि नियमित अभ्यास से खेल कौशल में निखार आता है। खेल दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि उत्पन्न करना और देश को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों को स्मरण करना है। इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद वसीम शेख, प्रो. प्रीतम गुनावा, डॉ. विमल लोदवाल, डॉ. अरुण सोलंकी, श्री धर्मेंद्र खरवार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में चयन

**खुजनेर।** अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर के एक छात्र देवेंद्र पुष्पद ने विद्यालय के खेल शिक्षक इन्द्रनारायण श्रीवास के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा के ट्रायल में चयन होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। देवेन्द्र का संभाग स्तर पर चयन हुआ है। अब छात्र संभाग स्तर पर खेलेगा। यह विद्यालय और नगर के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचर्य मनोहर जायसवाल एवं श्री रामप्रसाद वर्मा, कन्हैयालाल दांगी, बृजेश कुमार शर्मा,राधेश्याम शर्मा,श्रीमती ज्योति यादव,श्री मनोज कुमार शर्मा, पंकज नागर, कमलेश दांगी, आशीष पालीवाल, नितेश नागर ने छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर आगामी प्रतिस्पर्धा के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी है।

# मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ने किया विरोध प्रदर्शन

**कालापीपल।** 27 अगस्त गणेश चतुर्थी को अधिमान्य पत्रकार एवं मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना के घर पर शुजालपुर नायब तहसीलदार केएल चौहान द्वारा अमले के साथ तलाशी ली गई। यह तलाशी शाजापुर कलेक्टर न्यायालय से जारी कारण बताओ सूचना पत्र की तामील करवाने के नाम पर की गई। नोटिस तामील करने की इस कार्यवाही ने पत्रकारों में आक्रोश पैदा कर दिया।

इस घटना के विरोध में मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई कालापीपल ने शुक्रवार को कालापीपल तहसील कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया तथा

### नोटिस तामील के नाम पर पत्रकार के घर की तलाशी



मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कालापीपल तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में कालापीपल श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा, कालापीपल के पत्रकार हरविंदर सिंह पाहुजा, राकेश अग्रवाल, मनमोहन शर्मा, दिलीप महेश्वरी, देवेन्द्र पाहुजा, संदीप गेहलोत राजाराम बारोड़, कैलाश नादोंडा, भगवान सिंह अहीरवार सहित श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

## एक कदम आम जनता के लिए

# सारंगपुर एसडीएम कार्यालय में जन सुविधा एवं सुझाव-शिकायत केंद्र प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



आमजन को शासन की योजनाओं और सेवाओं का समय पर लाभ दिलाने तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सारंगपुर एसडीएम कार्यालय में जन सुविधा एवं सुझाव-शिकायत केंद्र प्रारंभ किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीण जनता की शिकायतें व सुझाव सीधे संबंधित विभाग तक पहुँचाए जाएंगे और निर्धारित समय सीमा में उनका निराकरण कराया जाएगा। पूर्व में ग्रामीण जनता को सही मार्गदर्शन न मिलने से इधर-उधर भटकना पड़ता था, लेकिन अब इस केंद्र के जरिए उन्हें सभी जरूरी जानकारी और सहायता एक ही स्थान पर मिलेगी। यह केंद्र एसडीएम कार्यालय के प्रवेश द्वार पर स्थापित किया गया है। यह प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक कर्मचारी उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतें दर्ज करेंगे और उचित मार्गदर्शन देंगे।

## पटवारी संघ ने सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन

**सारंगपुर।** पटवारी संघ ब्लॉक इकाई सारंगपुर द्वारा शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार आकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि डब्लू ईबीजी आईएस 2.0 पोर्टल में अनेक तकनीकी व व्यवहारिक परेशानियों के कारण पटवारियों को कार्य करने में कठिनाई हो रही है, जिससे किसानों के कार्य समय पर पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सॉफ्टवेयर में किसी भी प्रकार के संशोधन से पूर्व पटवारियों की राय लेना आवश्यक है, किंतु ऐसा नहीं किया जा रहा। पोर्टल में मोबाइल नंबर और ओटीपी की अनिवार्यता, 5 डेसिमल से छोटे नक्शे काटने की बाध्यता, खाता विलय की स्वीकृति का अधिकार पटवारियों से लेकर तहसीलदार को देना तथा साइबर तहसील प्रकरणों में रीयल टाइम स्टेटस न दिखना जैसी समस्याओं को तत्काल दूर करने की मांग की गई।

## सांसद नागर ने खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को किया संबोधित

# हॉकी के जादूगर की जयंती पर 40 लाख की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती जिले में खेल उत्सव के रूप में मनाई गई। मुख्य समारोह इनडोर स्टेडियम राजगढ़ में आयोजित किया गया जहां खेलों की श्रृंखला में बालक-बालिका वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बड़े गौरव की बात है कि सरकार खेलों को लेकर लगातार नई-नई योजनाएँ ला रही है और खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए विभिन्न पुरस्कार दे रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सांसद खेल महोत्सव योजना शुरू की गई है जिसमें कोई भी खिलाड़ी 20 सितंबर तक अपना पंजीयन करा सकता है। इसमें जूनियर और सीनियर के दो समूह बनाए गए हैं। 20 सितंबर के बाद एक माह तक अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को किसी न किसी खेल से जुड़ा होना चाहिए क्योंकि खेल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं।



### शासन की ओर से मिली 40 लाख रुपए की सामग्री

जिले को शासन की ओर से 40 लाख रुपए की खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस सामग्री का लाभ खिलाड़ियों को मिल सकेगा ताकि वे अभ्यास और प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। अतिथियों द्वारा फीता काटकर खेल सामग्री विभाग को सौंपी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आलोक शर्मा, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सुश्री निधि भारद्वाज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पवन अवस्थी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कृष्णपाल पवार, कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मिला डावर, शिक्षा विभाग के खेल अधिकारी श्री महेंद्र परमार तथा खेल विभाग से जुड़े कर्मचारियों की मौजूदगी में बैठक भी आयोजित की गई।

**खबर संक्षेप**

### सात दिवसीय भागवत कथा सोमवार से

**सीहोर।** लगातार 25 सालों से निरंतर शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में होने वाली सात दिवसीय भागवत कथा अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में लगातार 25 सालों से अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के मुखारविन्द से कथा का वाचन किया जाएगा। इस बार 26 साल होने जा रहे है। यहां पर कथा पूर्ण रूप से सादगी से की जाएगी। इसको लेकर अग्रवाल समाज के द्वारा तैयारियां की जा रही है। सोमवार से आरंभ होने वाली कथा को लेकर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, महिला मंडल की अध्यक्ष रुकमणी रोहिला, सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष निलेश जयपुरिया, अजय अग्रवाल, अशोक रोहिला, राजा अग्रवाल और शैलेश अग्रवाल आदि मौजूद थे। महिला मंडल और पूरा प्रशासन क्षेत्र में होने वाली कथा की तैयारियों को लेकर व्यवस्था पूर्ण कर ली है। जगह की कमी होने के कारण प्रवेश पत्र का इंतजाम किया है और भवन के बाहर भी श्रद्धालु कथा सुन सके उसकी व्यवस्था भी की गई है। सोमवार से आरंभ होने वाली कथा के पहले दिन सुबह सादगी के साथ परम्परानुसार शोभा यात्रा शहर के बड़ा बाजार स्थित भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर से निकाली जाएगी। इसके उपरांत भागवत कथा दोपहर 2 बजे से आरंभ होगी।कथा के पहले दिन भागवत कथा का महत्व का विस्तार से वर्णन किया जाएगा दूसरे दिन शिव कथा होगी।

### गेल इंडिया एथेन क्रैकर प्लांट के खिलाफ अन्नदाताओं ने दिया ज्ञापन

# किसानों की चेतावनीः ना तो हम जमीन देंगे नहीं यहां पर कोई प्लांट लगने देंगे

क्षेत्र के प्रभावित किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर बताई अपनी मांग।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रशासन द्वारा लगाई जा रहे गेल इंडिया एथेन क्रैकर प्लांट का विरोध करते हुए बापचा, भवरी, अरनिया दाउत, बागैर सहित आसपास के किसानों ने तहसील कार्यालय आष्टा पहुंचकर तहसीलदार राम पगारे को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि पूर्व में भी हम किसानों व ग्रामीणजनों ने गेल इंडिया के विरोध में ज्ञापन प्रदर्शन ट्रैक्टर रैली निकालकर हमारी मनसा स्पष्ट की थी। लेकिन शासन हमारी बात सुनने को तैयार नहीं है। क्योंकि उक्त क्षेत्र में लगभग सीमांत किसान है। उक्त प्लांट के लगने से और भूमि अधिग्रहण होने से ग्रामीणजनों की आजीविका खत्म हो जाएगी। उनके पास आजीविका चलाने के लिए बिल्कुल भी खेती नहीं बचेगी। इसलिए आज पुनः हम सब किसानजन आपके सामने हम अपनी की बात रखते हुए यह मांग करते हैं कि उक्त गेल इंडिया को अन्य क्षेत्र में स्थापित करने का कार्य करें।

जिससे हम किसानो की खेती जमीन खेती के लिए बची रहे। उसके पश्चात एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम से भी मुलाकात की और अपनी मंशा जाहिर करते हुए कहा कि हमारी भूमि उपजाऊ भूमि है। पूरे देश में हमारे फसल से उत्पादित गेहूं शरबती सबसे अच्छे गेहूं के रूप में पहचाना जाता है। ऐसे में इस उपजाऊ भूमि को उद्योग के लिए हम किसी भी हाल में नहीं देंगे। यदि शासन जबरदस्ती हम लोगों से हमारी भूमि लेने की कोशिश करेगा तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। किसानों ने एसडीएम को कहा कि इस प्लांट के लगने से न सिर्फ हमारी जमीन जाएगी बल्कि पूरे आस्था क्षेत्र का वातावरण प्रदूषित हो जाएगा। जिससे हमारे क्षेत्र में आने वाले समय में कहीं भयंकर बीमारी फैलेगी। इसलिए यह लड़ाई सिर्फ हमारी जमीन बचाने की नहीं है यहां लड़ाई पूरे क्षेत्र के पर्यावरण और आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बचाने के लिए हम आपके माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार और प्रशासन को यह स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि हम हमारी जमीन किसी कीमत पर नहीं देंगे और इस प्लांट के लगने से क्षेत्र का पर्यावरण जाएगा प्रदूषित हो जाएगा। इसलिए हम सरकारी जमीन पर भी प्लांट नहीं लगने देंगे और इसके लिए हमें जो करना पड़ेगा हम करेंगे। यदि प्रशासन और शासन हमारी मांग को गंभीरता से नहीं लेंगे तो हम आने वाले समय में योजनाबंध तरीके से आंदोलन करेंगे। जिसमें आष्टा बंद से लेकर चक्का जाम, कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव और जरूरत पड़ेगी तो यहां से पैदल चलकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव भी करेंगे। उपरोक्त अवसर पर गेल इंडिया भागो संघर्ष समिति के सदस्य व किसान जिसमें मुख्य रूप से जितेन्द्र शोभाखेड़ी, लक्ष्मीनारायण परमार, नरेंद्र बापचा, गणेश मिश्रा, अर्जुन चेयरमैन, तारा परमार, अजय बापचा, सुरेश मालवीय, अंबाराम मालवीय, कैलाश मालवीय, सुरेन्द्र, लोकेंद्र, मनोज, अरुण परमार, राजाराम, जय सिंह, शोभाल सिंह, लखन परमार ,संतोष प्रजापति, राजाराम परमार, लखन डॉ, रामस्वरूप, मोहन ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, हजारीलाल, भीम वर्मा, जितेंद्र वर्मा, शिवनारायण वर्मा आदि भरी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थिति रहे।

## किसान आंदोलन को लेकर ग्रामीण क्षेत्र का किया दौरा

**4 सितंबर को होगा किसान आंदोलन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

कृषि फसल बीमा राशि वादा खिलाफी के संबंध में हजारों किसान 4 सितंबर गुरुवार को 11:00 बजे मुख्य बाजार गांधी चौक पहुंचेंगे पूर्व नपा अध्यक्ष जावर शैलेश कुमार वैद्य एवं जावर नगर के पटेल धीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा एक दर्जन से अधिक गांव का दौरा किया गया एवं 4 सितंबर को होने जा रहे किसान आंदोलन के संबंध में सभी किसान भाइयों को आमंत्रित किया।

उन्हें बताया गया कि जो बीमा राशि 2023-24 की बीमा कंपनियों को जमा की गई थी वह राशि रबी और खरीफ की फसल खराब होने के बाद भी नहीं मिल पाई है आखिर ऐसा क्यों हो रहा है जबकि किसान किसानों द्वारा ईमानदारी से बीमा का पैसा जमा कराया गया परंतु नुकसान होने के बाद अब बीमा कंपनी सहित सभी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट रहे हैं ऐसी स्थिति में किसान परेशान हो रहे हैं सभी बीमा कंपनियों सहित सभी जिम्मेदार जावर तहसील में किसान भाइयों को बताएंगे कि आखिर पैसा उन्हें क्यों नहीं दिया जा रहा जो उनका खुद का पैसा है उक्त संबंध में लगभग आधा दर्जन गांव का दौरा किया गया।

दौरा बहुत ही सफल रहा इस बीच गांव के कई प्रमुख एवं जिम्मेदार लोगों से मिलना हुआ जिन्होंने 4 तारीख को भारी संख्या में जावर किसान आंदोलन में शामिल होने के लिए आग्रह को स्वीकार किया उक्त आंदोलन किसी राजनीतिक दल पार्टी या संगठन द्वारा नहीं किया जा रहा है किसान आंदोलन सभी किसान मिलकर कर रहे हैं इस अवसर पर जसपाल सिंह ठाकुर, देवेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेंद्र सिंह भाटी, ठाकुर सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह ठाकुर साहित सैकड़ो युवा एवं किसान आंदोलन को सफल बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं।

### पर्यूषण पर्व शुरू, 10 दिनों तक करेंगे उपासना



**जावर।** मैहतवाडा नगर में स्थित स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पर्यूषण पर्व का पूरी भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है 10 दिनों तक चलने वाला यह पर्व पंचमी से चतुर्दशी तक मानते हैं। जिस के चलते प्रथम दिवस पर मंदिर मैं ध्वजारोहण किया गया प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे श्री जी के अभिषेक पूजन 10 लक्षण वीधान कर प्रतिदिन रात्रि को आरती एवं प्रवचन एवं प्रश्न मंच का कार्यक्रम किया जाएगा आज प्रथम दिवस ध्वजारोहण एवं कलश स्थापना का सौभाग्य सुमित लाल, राजेश कुमार, पर्व कुमार परिवार को प्राप्त हुआ एवं भगवान के प्रथम अभिषेक एवं शांति धारा का सौभाग्य नरेंद्र कुमार ,भावेश कुमार, नितिन कुमार को प्राप्त हुआ एवं आज की शांति धारा का सौभाग्य सवाईमल ,मनोज कुमार, दीपक कुमार जैन एवं सुरेंद्र कुमार ,सोहित कुमार जैन को प्राप्त हुआ पर्युषण मनाने का मुख्य उद्देश्य आत्मा को शुद्ध बनाने के लिए आवश्यक उपक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना होता है इन दोनों पूजा अर्चना आरती समागम त्याग तपस्या उपवास में अधिक से अधिक समय व्यतीत किया जाता है और दैनिक व्यावसायि क्रियाओ से दूर रहने का प्रयास किया जाता है पर्व का प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म से प्रारंभ होकर उत्तम क्षमा पर ही समाप्त होगा पर्व को मनाने के लिए आज मंदिर में सभी सामाजिक बंधुओ ने पूर्ण भक्ति भाव के साथ मनाया।

## विद्यार्थियों ने बनाई श्रीगणेश की विशाल आकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इसके बिना एक प्रगतिशील जीवन जीना संभव नहीं है। इसे मानव दिनचर्या का अंग बनाकर और इसकी आदत बनाकर हम एक स्वस्थ एवं सुखी जीवन जी सकते हैं।

हमें अपने घर के साथ अपने आस-पास के स्थानो को भी स्वच्छ रखना चाहिये। यह एक प्रमुख नागरिक कर्तव्य है। उक्त उद्गार मार्टिनेट कान्वेण्ट हा.से. विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी द्वारा विद्यार्थियों के समक्ष व्यक्त किये गये तथा इसी उद्देश्य को लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 व शासन के निर्देशानुसार सिटीजन वॉइस घटक के अंतर्गत नगर पालिका परिषद आष्टा की सहयोगी संस्था टीम यूनिंक वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा अलीपुर स्थित मार्टिनेट



कान्वेन्ट हा.से. स्कूल के विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं और डोर टू डोर कचरा वाहन के बारे में बताया गया तथा गीला सूखा कचरा अलग अलग डस्टबिन में देने की समझाइश दी गई साथ ही स्कूली बच्चो को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की जानकारी दी गई एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया। इस अवसर पर आई.ई.सी. सुपरवाईजर नंदिनी यादव तथा वार्ड क्रमांक एक के सफाई जमादार मनोज घेंघट की उपस्थिति रही जिन्होनें विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई और स्वच्छता का महत्व भी समझाया। एक और आयोजन में मार्टिनेट के विद्यार्थियों के एक समूह नें भगवान श्रीगणेश की विशालकाय आकृति बनाई। इस समय गणेश उत्सव की धूम है और गणेश वंदना के उद्देश्य को लेकर यह आयोजन विद्यालय में किया गया ताकि विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति को लेकर गौरव का भाव उत्पन्न हो।

## प्रशिक्षण में घरेलू व कृषि कचरा प्रबंधन, एकत्रीकरण व ब्रिकेट निर्माण के बारे में दी व्यवहारिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम बोरखेड़ा में माँ हिंगलाज सेवा समिति द्वारा आयोजित चार दिवसीय ब्रिकेट निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन ज्ञानवर्धक और उपयोगी रहा। इस दिन प्रतिभागियों को घरेलू और कृषि कचरा प्रबंधन, कचरे के एकत्रीकरण तथा उन्हें सुखाकर ब्रिकेट बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् विज्ञान भवन भोपाल द्वारा प्रायोजित किया गया है। प्रशिक्षण की मुख्य प्रशिक्षक माया मालवीय ने ग्रामीणों को बताया कि किस प्रकार गाँवों में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले जैविक कचरा जैसे सूखे पत्ते, कागज़, लकड़ी की बुराद, फसल अवशेष आदि को एकत्र कर, उन्हें सूखाकर ईंधन के रूप में उपयोगी ब्रिकेट्स में बदला जा सकता है। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि ग्रामीणों के लिए एक सशक्त स्वरोजगार का साधन भी बन सकता है। उन्होंने कचरा एकत्रीकरण की तकनीक, उसके भंडारण, और उचित ढंग से सुखाने की विधियाँ भी विस्तार से समझाईं। साथ ही, प्रतिभागियों को ब्रिकेटिंग मशीन के उपयोग का अवलोकन कराया गया और कुछ नमूनों पर व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया गया।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं और युवाओं ने विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने प्रश्न पूछकर विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझने का प्रयास किया। माया मालवीय ने सभी प्रश्नों का उत्तर सहज और सरल भाषा में देते हुए ग्रामीणों को प्रेरित किया कि वे इस तकनीक को अपनाकर अपने गाँव को स्वच्छ और आत्मनिर्भर बना सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह ने विशेष सहयोग किया। उन्होंने ब्रिकेटिंग मशीन से गुणवत्तापूर्ण ब्रिकेट्स बनाने संबंधी चर्चा की।

कार्यक्रम में सरपंच मानकुंवर बाई, प्रतिनिधि हमीर सिंह, ग्राम पंचायत सचिव कृपाल विश्वकर्मा, रोज़गार सहायक दीपेन्द्र कुमार एवं समाजसेवी युवा दीपक लक्ष्मण जाट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 अगस्त तक चलेगा, जिसमें आगे ब्रिकेट की गुणवत्ता, विपणन और छोटे स्तर पर स्टार्टअप प्रारंभ करने से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी।

## विद्यासागर पाठशाला के बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आचार्य विद्या सागर प्रामाणिक पाठशाला द्वारा श्री दिगम्बर जैन किला मंदिर में पर्युषण महापर्व के द्वितीय दिवस पर बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए । कार्यक्रम का आरंभ कु. इशिका , कृतिका, कनिष्का, अवनी जैन ने भावभरे मंगलाचरण से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री अकलंक निकलंक की बलिदान गाथा एवम सुकमाल मुनि की नाटिका रही जिसने भरपूर सराहना बटोरी, परम पूज्य आचार्य प्रवर श्री विद्या सागर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किये गए एवम बच्चो को पारितोषिक ओर प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गय। आयोजित हुए कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित जन का आभार रुचि जैन ने किया। परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी बालक बालिकाओ को पाठशाला प्रभारी अजय जैन किला सहित विजय जैन, संदीप जैन, महेन्द जैन जादूगर नरेन्द्र जी गंगवाल ने बधाई दी।

### बैंक के रिटेल मेगा एक्सपो कार्यक्रम में पूर्व क्रिकेटर और विधायक हुए शामिल

# क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने किया विधायक का स्वागत सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देश के जाने माने क्रिकेटर तेज गेंदबाज एवं केनरा बैंक के महाप्रबंधक वेंकटेश प्रसाद केनरा बैंक भोपाल द्वारा आयोजित रिटेल मेगा एक्सपो कार्यक्रम में भाग लेने भोपाल आये ओर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की विधायक होने के साथ केनरा बैंक के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित ग्राहक के रूप में विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए एवं क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद के साथ रिटेल मेगा एक्सपो कार्यक्रम में मंच साझा किया । केनरा बैंक द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में बैंक द्वारा आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। केनरा बैंक के उक्त कार्यक्रम में शामिल होने वेंकटेश प्रसाद जो कि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर है और केनरा बैंक के महाप्रबंधक भी है । वे कार्यक्रम में महाप्रबंधक के रूप में शामिल बैंक के रिटेल मेगा एक्सपो में शामिल हुए। स्मरण रहे भोपाल में केनरा बैंक ने एक रिटेल मेगा एक्सपो कार्यक्रम भोपाल के नर्मदा क्लब में आयोजित किया गया था । जिसमे पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । आयोजित रिटेल मेगा एक्सपो में शामिल हुए केनरा बैंक के सम्मानित ग्राहकों से वेंकटेश प्रसाद ने संवाद किया । संवाद के दौरान उन्होंने कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बैंक के रिटेल उत्पादों और सेवाओं को ग्राहकों तक पहुंचाना था,को लेकर ग्राहकों को जानकारी दी। स्मरण रहे आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर केनरा बैंक के वरिष्ठ ग्राहक है तथा हाल ही में उन्होंने उक्त बैंक द्वारा दिये जाने वाले वाहन लोन से एक नया वाहन खरीदा है । रिटेल मेगा एक्सपो में मुख्य अतिथि पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने अपने हाथों से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को वाहन के दस्तावेज सौपे।

## दूसरे दिन ग्राम पंचायत बोरखेड़ा में चला प्रशिक्षण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम बमुलिया रायमल में शासकीय माध्यमिक शाला में निर्विरोध अध्यक्ष चुनाव हुआ जिसमें अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष अर्जुन मालवीय को चुना गया। जिसमें उपस्थित शिक्षक प्रेमनारायण परमार, मुलचंद धारवा, मनोहर लाल प्रजापति, की उपस्थिति में शासकीय माध्यमिक शाला में चुनाव सम्पन्न हुआ एवं सभी शिक्षक ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष को बधाई दी।